तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 धान माफियाओं पर कसा शिकंजा 100 क्विंटल ...



14 जवाहर नवोदय विद्यालय में पुलिस...



## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से हुई मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत उत्तमार निवासी 29 वर्षीय आत्माराम कल्लो पिता नथ्थूराम को सांप ने डंस लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी मृतक को सांप ने डंस लिया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में ले गए, जहां उसकी 17 नवंबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 4 लाख 21 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की हुई खरीदी

**कांकेर।** प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों में किसानों से धान खरीदा जा रहा है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 4 लाख 21 हजार 092 मेट्रिक टन धान किसानों से खरीदा जा चुका है। इसमें 4 लाख 18 हजार 857 मेट्रिक टन मोटा धान तथा 2 हजार 099 मेट्रिक टन पतला और 135 मेट्रिक टन सरना वैरायटी का धान शामिल है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार धान के परिवहन, भण्डारण तथा विक्रय की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए 13 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं।

**समस्या : कहीं चना नहीं, कहीं शक्कर गायब, तो कहीं दुकान पर लटका मिला ताला**

# एक माह का राशन पाने उपभोक्ता लगा रहे चार-पांच चक्कर, घंटों करना पड़ता है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- न बोर्ड पर जानकारी, न समय तय— बुजुर्ग, महिलाएं और मजदूर सबसे ज्यादा परेशान

शहर कांकेर की राशन दुकानों में इन दिनों भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है। सरकारी दावों के विपरीत राशन कार्डधारियों को न तो समय पर राशन मिल पा रहा है और न ही वितरण की कोई स्पष्ट जानकारी दी जा रही है। स्थिति यह है कि एक माह का राशन लेने के लिए आम उपभोक्ता चार से पांच बार राशन दुकान का चक्कर लगाने को मजबूर है। घंटों इंतजार के बाद भी लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। राशन दुकानों में समय पर अनाज नहीं पहुंचने के कारण दिक्कतें बढ़ गई है। पहले 1 तारीख से पहले राशन दुकानों में राशन पहुंच जाता था, परंतु समय पर दुकानों में राशन नहीं पहुंच पाने के कारण आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माहुरबंदपारा में स्थित राशन दुकान में 20 जनवरी को अचानक भीड़ जुटी हुई थी, हरिभूमि ने जुटी भीड़ की वास्वविकता को जानने का प्रयास किया तो सेल्समैन ने बताया कि गोदाम में चांवल नहीं था और अभी आने के कारण देरी से चांवल दिया जा रहा है। राशन लेने के लिए अपनी बारी का इंतजार करने वाली महिला लता मंडावी ने बताया कि पिछले माह मेरे से पैसा ले लिया गया था, परंतु राशन नहीं दिया गया था और अब सेल्समैन बदल गए है। महिला सेल्समैन का कहना है कि दो माह बाद पुराना सेल्समैन आएगा, उसी से राशन लेना, मैं अभी नहीं दे पाऊंगी। दुकान पर खड़े उपभोक्ता चंदन एवं किशोर ने बताया कि चार से पांच बार चक्कर लगाने पर राशन मिल पता है। किसी माह शक्कर नहीं मिलती तो किसी माह चना नहीं मिलता है। एक बार में सभी राशन नहीं मिलता है। चांवल, शक्कर, चना, गुड़ व नमक मिलने का प्रावधान है, परंतु एक बार में यह सभी सामग्री नहीं मिलती है। माह के 15 तारीख ▶▶| शेष पेज 12 पर





### शहर के दुकानों की स्थिति

दुकान के सेल्समैन के अनुसार संजयनगर उचित मूल्य दुकान सह गोदाम में एपीएल कार्डधारियों के लिए राशन अभी तक नहीं पहुंचा है। बीपीएल कार्डधारियों का राशन 7 जनवरी 2026 को पहुंचा, लेकिन उसमें चना नहीं मिला था। शीतलपारा उचित मूल्य दुकान सह गोदाम में एपीएल राशन 16 जनवरी को और बीपीएल राशन 6 जनवरी को पहुंचा। एमजी वार्ड की दुकान में एपीएल और बीपीएल दोनों का राशन 28 दिसंबर को ही पहुंचा। आमापारा उचित मूल्य दुकान सह गोदाम 20 जनवरी को ताला लटका मिला।

### वितरण व्यवस्था में बना हुआ है लोचा

गरीब और मध्यम वर्ग के लिए चलाई जा रही राशन योजना का लाभ तभी मिल सकता है, जब वितरण व्यवस्था पारदर्शी और समयबद्ध हो। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि राशन दुकानों में सूचना व्यवस्था बेहद कमजोर है। न तो यह बताया जाता है कि राशन कब आएगा और न ही वितरण के समय की कोई स्पष्ट जानकारी बोर्ड पर लगाई जाती है। कई बार दुकान खुलने के समय और वास्तविक वितरण की स्थिति में फर्क होने से उपभोक्ताओं में भ्रम बना रहता है।

### व्यवस्था ठीक करने की किया मांग

उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग किया है कि राशन दुकानों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, स्टॉक की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और उपभोक्ताओं को पूर्व सूचना दी जाए। साथ ही भीड़ नियंत्रण के लिए टोकन प्रणाली या समय-स्लॉट जैसी व्यवस्था लागू करने की जरूरत बताई जा रही है।

### शिकायत पर पहुंचे अधिकारी बनाया पंचनामा

माहुरबंदपारा में दुकान से राशन में बरती जा रही अनियमतिता की शिकायत पर खाद्य निरीक्षक मौके पर पहुंचे और हितग्राहियों से संवाद किया। उसके आधार पर पंचनामा तैयार किया गया। उन्होने बताया कि संबंधित दुकान को नोटिस जारी किया जाएगा और जवाब मिलने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही उच्च अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा।

### प्रदेश से देरी से जारी हुआ आवंटन

जिले के नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी आकाशा राही ने बताया कि सामान्यतया प्रदेश से 10 तारीख से 25 तारीख तक आवंटन मिल जाता है, उसके तहत 30 तारीख तक दुकानों में राशन पहुंच जाता था, परंतु इस बार 23 दिसंबर से आवंटन मिला, जिसके चलते 15 जनवरी तक राशन दुकानों में पहुंच पाया। उनका कहना है कि प्रदेश स्तर पर आवंटन दिए जाने के बाद ही हम लोग दुकानों तक राशन पहुंचा पाते है। प्रदेश स्तर पर क्या दिक्कत रही होगी, इसके बारे में मैं कुछ नहीं बता सकता।

## मेला देखने गए व्यक्ति की बाइक को अज्ञात चोरों ने किया पार

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर क्षेत्र में आयोजित बोगर मेले के दौरान एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मेले की चहल-पहल और भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया। यह घटना न केवल पीड़ित के लिए परेशानी का कारण बनी, बल्कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही है। जानकारी के अनुसार दुर्गुकोंदल थाना अंतर्गत ग्राम घोटिया निवासी गुलशन जैन पिता धनलाल जैन भानुप्रतापपुर थाना पहुंचे और वाहन चोरी की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके पिता धनलाल जैन के नाम पर पंजीकृत मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 केई 6498 को लेकर वे 13 जनवरी को बोगर का मेला देखने आए थे। दोपहर लगभग 2 बजे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल मेला परिसर के पास खड़ी की थी। मेले का आनंद लेने के बाद जब वे वापस लौटे तो मौके से मोटरसाइकिल गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं ▶▶| शेष पेज 12 पर

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की हुई मौत

**चारामा।** चारामा थानांतर्गत ग्राम रतेसरा के पास कांकेर की ओर से चारामा आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना भयंकर था कि हादसे में बाइक सवार युवक को अपनी जान गवानी पड़ी। घटनी की शिकायत मृतक के पिता ने चारामा थाना में किया। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में ग्राम रतेसरा के पास का है। थाना चारामा में शिकायत लेकर पहुंचे बाबुदबेना निवासी नारद यादव पिता स्व. कांशि राम यादव ने पुलिस को बताया कि



राज मिस्त्री का काम करता हूं और 19 जनवरी को मेरा लड़का अरूण यादव मेरे डेढसाला के लड़का का सगाई कार्यक्रम में जेपरा गया था। शाम करीबन 7 बजें जेपरा से फोन करके बताया कि मै घर वापस आ रहा हूं। मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एसी 6737 में जेपरा से घर बाबूदबेना जाते समय ग्राम रतेसरा मेन रोड के पास पहुंचा था। उसी समय चारामा से कांकेर की ओर जा रहे कार वाहन ▶▶| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### जूनियर रेड क्रॉस हाराडुला ने प्राथमिक उपचार के बारे में दी जानकारी

**चारामा।** चारामा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हाराडुला में प्राचार्य अजीत राम कंवर के दिशा निर्देश तथा मार्गदर्शन पर शनिवार को जूनियर रेड क्रॉस हाराडुला द्वारा सभी बच्चों को प्राथमिक उपचार के बारे में बताया गया, जिसमें मुख्य रूप से दुर्घटना होने, सांप काटने, करंट लगने, बेहोश होने, कुत्ता काटने पानी में डूबने जैसे समस्याओं पर क्या-क्या प्राथमिक उपचार किया जा सकता है कि बच्चों को जानकारी शिक्षकों के द्वारा दी गई। इस अवसर पर रेड क्रॉस प्रभारी प्रेम प्रकाश साहू, हलधर ठाकुर, मंजू जैन, ओम प्रकाश नागवंशी, दीप्ति बट्टी, मंजुला गोटी, शिवराम सिंन्हा, मोनिका शुक्ला, गणपत साहू, हेंम पूर्णासाहू, मो आरिफ रिजवी एवं अन्य सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### राजनैतिक दलों को दी गई प्राप्त दावा-आपत्तियों की सूची




**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 को किया जाकर दावा आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक प्राप्त की जा रही है। इस संबंध मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजनितीक दलों को प्राप्त दावा-आपत्ति की सूची प्रदान की गई। बताया गया कि कांकेर जिले के अंतर्गत आने वाले तीनों विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः 79-अंतागढ़, 80-भानुप्रतापुर, 81-कांकेर में 20 जनवरी तक फॉर्म 9 से संबंधित 3165, फार्म 10 में 119, फॉर्म 11 में 1299, फार्म 11ए में 73 तथा फार्म 11बी में 09 दावा-आपत्तियां प्राप्त हुईं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावा आपत्तियों की जानकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिया जाकर उन्हें दावा-आपत्ति की सूची प्रदान की गई।

### भीरागांव स्कूल में हुआ वंदेमातरम कार्यक्रम



**भानुप्रतापपुर।** वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत की 150 वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में 33 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी के कमांडेट प्रियव्रत शर्मा के मार्गदर्शन में आठ दिवसीय चल रहे कार्यक्रम के तहत शासकीय उमावि भीरागांव में वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत के साथ शुभारभ किया गया, तत्पश्चात स्कूल के छात्र -छात्राओं के साथ प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा 33 वाहिनी ससीब केवटी के डाक्टरों द्वारा पंडरपानी गांव में मानव एवं पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण नागरिको को दवाईया, परामर्श व पशुओं के उपचार की सुविधाएं भी उपलब्ध करायी गयी। सशस्त्र सीमा बल समय-समय पर अपने कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ आस-पास के गाँवों में सामाजिक विकास में अपना योगदान देती रहती हैं।

### श्रीराम भजन संध्या का आयोजन 22 को

**चारामा।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मण्डल चारामा के तत्वावधान में 22 जनवरी गुरुवार को शाम 6 बजे से नगर चारामा के कोरर चौक स्थित सांस्कृतिक भवन में भव्य संगीतमय श्रीराम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन राज्य अलंकरण से सम्मानित, छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक हिरेश सिन्हा एवं जितेश्वरी सिन्हा द्वारा श्रीराम भक्ति से ओत-प्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी।

**आयोजन :** तीन दिनों तक भक्ति रस में सराबोर रहा संपूर्ण वातावरण

# राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय संगीतमय सस्वर मानस गान एवं आध्यात्मिक चिंतन महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

छापरपारा ग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय संगीतमय सस्वर मानस गान एवं आध्यात्मिक चिंतन महोत्सव का श्रद्धापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। आयोजन समिति के पदाधिकारियों के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से पधारी ख्यातिप्राप्त मानस गान मंडलियों ने भगवान श्रीराम के पावन चरित्र का सस्वर, संगीतमय एवं भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

तीन दिनों तक चले इस महोत्सव के दौरान रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का सस्वर पाठ, संगीतमय गायन, प्रवचन एवं आध्यात्मिक चिंतन प्रस्तुत किया गया। मानस गान के दौरान पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर रहा। श्रोता देर रात तक कथा श्रवण में लीन रहे और बार-बार "जय श्रीराम" के उद्घोष से पंडाल गूंजता रहा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, प्रकाश, ध्वनि एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे कार्यक्रम पूरी तरह सफल एवं अनुशासित रूप से संपन्न हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए ग्राम के वयोवृद्ध नागरिकों के चरण धोकर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनके आशीर्वाद, अनुभव और मार्गदर्शन से ही संस्कार, संस्कृति और परंपराएं जीवित रहती हैं। समापन अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष हरलाल नेताम ने सभी ग्रामीणों, मानस गान मंडलियों, कलाकारों, अतिथियों एवं प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता को बल मिलता है।

**वयोवृद्ध नागरिकों का सम्मान बना समापन का विशेष आकर्षण**



#### ये रहे उपस्थित

समापन समारोह में आयोजन समिति के उपाध्यक्ष सगरदास वैष्णव, सचिव तुलेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश साहू, लोकनाथ साहू, पुनितदास वैष्णव, कनक कश्यप, घासु कश्यप, ठाकुर राम, सीताराम पटेल, आल्हाराम यादव, कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नितिन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा मंडल के संगठन में नई ऊर्जा का संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को पार्टी की कमान सौंपे जाने के ऐतिहासिक फैसले के बाद भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल में उत्सव का माहौल बन गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिह कल्लो एवं महामंत्री रामचंद्र कल्लो के नेतृत्व में बस स्टैंड परिसर में जोरदार जश्न का आयोजन किया गया, जिसमें आतिशबाजी और मिठाई वितरण के साथ यह सुखद अवसर मनाया गया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिह कल्लो ने कहा कि नितिन नवीन को 45 वर्ष की युवा ऊर्जा और समाजसेवा की गहरी समझ के साथ देश का 12वां राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने से भारतीय जनता पार्टी को नई मजबूती और दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी और अधिक संगठित होकर काम करेगी और आने वाले समय में पूरे प्रदेश तथा देश में भाजपा का शासन सुदृढ़ रूप से स्थापित होगा। बिदेसिह कल्लो ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। भाजपा मंडल महामंत्री ने कहा कि नितिन नवीन का चयन युवा शक्ति, संगठन क्षमता और दूरदर्शिता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नवीन के अनुभव और जोश से पार्टी को निश्चित ही लाभ मिलेगा और भाजपा का जनाधार और अधिक मज़बूत होगा। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक एकता बनाए रखने और आगामी चुनावों में पार्टी को विजयी दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहने का संदेश भी दिया। भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि नितिन नवीन का नेतृत्व समाज के हर वर्ग के हितों को साधने में सक्षम है।



- बस स्टैंड परिसर में आतिशबाजी और मिठाई वितरण के साथ जश्न

जश्न समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता तुकाराम पटेल, ईशु जनक आरदे, दीपक पुडो, सोमल जैन, हीरासिह जैन, पुनारथ दास, मानिकपुरी ओम दुग्गा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## पीएमश्री सेजेस में मोटिवेशनल सेमिनार किया गया आयोजित



**नरहरपुर।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित मोटिवेशनल कक्षाओं की श्रृंखला का शुभारंभ रहा, जो नरहरपुर से शुरू होकर आगामी दिनों में पूरे कांकेर जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त कर आत्मविश्वास के साथ बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मोटिवेशनल स्पीकर सानिया शेख ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और सकारात्मक सोच के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का एक हिस्सा है, इसे बोझ नहीं बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने छात्रों को बिना तनाव के परीक्षा देने, आत्मविश्वास बनाए रखने और अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखने के लिए प्रेरित किया। सानिया शेख ने अच्छे अंक अर्जित करने के लिए कई व्यवहारिक टिप्स भी साझा किए। उन्होंने नियमित अध्ययन, पुनरावृत्ति, स्मार्ट स्टडी, विषयवार समय विभाजन और परीक्षा से पूर्व मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपाय बताए और साथ ही उन्होंने छात्रों को मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह दी। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों ने खुलकर अपनी शैक्षणिक और मानसिक समस्याओं को साझा किया, जिनका समाधान स्पीकर द्वारा सरल और प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में बीआरसी भूपेंद्र गंगबेर, संस्था के प्राचार्य डिलेश्वर साव, नोहर साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्राचार्य डिलेश्वर साव ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेमिनार छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। सेमिनार के अंत में विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

## कोयलीबेड़ा कांग्रेस संगठन में युवा को मिली अहम जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

- ब्लाक अध्यक्ष अनिल युकां जिला महामंत्री बने विनोद

संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। जिला एवं ब्लॉक कमेटी में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर संगठनात्मक विस्तार किया गया, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में नया उत्साह और ऊर्जा देखने को मिल रही है।

कोयलीबेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अनिल दर्रो को सौंपी गई है, वहीं युवा कांग्रेस में भी महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गई हैं। युवा जनपद सदस्य विनोद उसेडी को युवा कांग्रेस का जिला महामंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए सुरेश सिंह बघेल को युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष एवं शहरी क्षेत्र के लिए सतीश सहारे को युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की घोषणा होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को नई दिशा देने वाला निर्णय बताया। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य उद्देश्य कांग्रेस की विचारधारा को बूथ स्तर तक पहुंचाना और अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गरीब, किसान, मजदूर और आम जनता से जुड़े जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया जाएगा। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया और कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है।



## दुर्गुकोंदल में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा महोत्सव का शुभारंभ हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना तथा शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा।

मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने बच्चों से पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर दुर्गुकोंदल सरपंच शकुंतला नरेटी ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन में रहकर अच्छा प्रदर्शन करने और खेल को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी। संकुल स्तरीय इस बाल क्रीड़ा महोत्सव में कुल 9 प्राथमिक शालाओं एवं 4 माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्राथमिक शालाओं से 260 तथा माध्यमिक शालाओं से 142 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों में गजब का उत्साह और जोश देखने को मिला। खेल आयोजन को सफल बनाने में पीटीआई हरीश नागराज, तिलेश्वरी कुमेटी सहित शिक्षक मनीषा सिन्हा, हरिशंकर उयके, सावित्री ठाकुर, पूनम वाधवानी, मधु ध्रुव, सुमित्रा बघेल, रेशमा कार्के, अनीता जैन, लक्ष्मी खुड़शियाम, कुसुम रात्रे, धनाजू नरेटी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।



क्रीड़ा महोत्सव में जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, सरपंच शकुंतला नरेटी, खुटगांव सरपंच मुकेश नरेटी, गायता सरपंच सगराम नरेटी, संकुल प्राचार्य अजय नेताम, अशोक जैन, उप सरपंच तामेश्वरी जैन, करिश्मा दुग्गा, उतरा वारे, परमेश्वरी नेताम, प्रियंका नरेटी, अजय तोप्पा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## तीन दिन से लापता युवक की तलाश जारी, पुलिस मामले की जांच में जुटी



**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत बीरनपुर निवासी युवक 32 वर्षीय मोहरगंज शोरी पिता लच्छूराम शोरी की देवीनवागांव से गुमसुदगी होने की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दिया। पुलिस ने गुमशुदा प्रकरण दर्ज करते हुए लापता युवक की तलाश शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार बीरनपुर निवासी लच्छूराम शोरी तीन दिन पहले देवीनवागांव के मेला देखने गया था और उसके बाद से गायब हो गया। परिजनों ने इसकी जानकारी हल्बा चौकी को दिया। हल्बा चौकी ने गाँव में फैली चर्चा के अनुसार कुछ संदिग्धों को कब्जे में लेकर पूछताछ किया है। पूछताछ से मिले इनपुट के आधार पर गांव के सीमा से लगे गंगरेल के डूबान क्षेत्र में खोजबीन किया गया है। गांव में यह चर्चा है कि युवक को मेले में आए लोगों ने किसी बात को विवाद को लेकर उसकी हत्या करके शव को डूबान में पत्थर बाँधकर फेंक दिया है। हल्बा पुलिस ने जानकारी मिलने के उपरांत पूछताछ के बाद बताए गए स्थल पर देर शाम तक लगभग डेढ़ घंटे तक खोजबीन किया, परंतु गुमशुदा व्यक्ति का शव नहीं मिल पाया है। पुलिस 21 जनवरी को फिर से तलाश करने के लिए डूबान इलाके में पहुँचेगी।

## टोकन नहीं कटने से मंगहूर का किसान परेशान, कर्जा पटाने में होगी दिक्कत

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगहूर के किसान समदेर पुड़ों खरीफ फसल सीजन में धान बिक्री के लिए टोकन नहीं कटने से गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का समय लगभग समाप्ति की ओर है, लेकिन अब तक उनका टोकन जारी नहीं हो पाया है, जिससे किसान की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। किसान का कहना है कि समिति का कर्जा है, जिससे पटाने में दिक्कत होगी। किसान ने बताया कि उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए एग्री स्टेट में पंजीयन कराया है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा यह कहकर टोकन जारी नहीं किया जा रहा है कि उनका एग्री स्टेट अपडेट नहीं है। किसान का कहना है कि जब पंजीयन प्रक्रिया पूरी कर दी गई है, तो फिर टोकन रोके जाने का कारण समझ से परे है। इस समस्या के समाधान के लिए किसान ने तहसील कार्यालय से लेकर एसडीएम तक कई बार चक्कर लगया और लिखित आवेदन भी प्रस्तुत किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। किसान ने बताया कि 10 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे प्रतिवर्ष लगभग 140 क्विंटल धान की बिक्री करते रहे हैं। हर साल नियमित रूप से समर्थन मूल्य पर धान बेचकर वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

#### एग्री स्टेट पंजीयन में आ रही त्रुटियों में हो जल्द सुधार: किसान



किसान ने बताया कि उन्होंने आदिम जाति सहकारी समिति चिखली से लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये का खाद, बीज एवं नगद ऋण लिया है। धान नहीं बिकने की स्थिति में इस ऋण का भुगतान करना उनके लिए अत्यंत कठिन हो जाएगा। इससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक बिगड़ने की आशंका है। किसान ने शासन एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि उनके एग्री स्टेट पंजीयन में आ रही त्रुटियों को शीघ्र सुधार कर तत्काल धान खरीदी का टोकन जारी किया जाए, ताकि वे समय रहते अपना धान बेच सकें और ऋण से उबर सकें।

## शराब कोचिया के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब जब्त

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए 19 जनवरी को ग्राम मनकेशरी अके पास आरोपी के कब्जे से देशी महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आरोपी अपने कब्जे में महुआ शराब रखा हुआ है और बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में है।



जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने ग्राम मनकेशरी अटल चौक के पास घेराबंदी करते हुए छापामार कार्रवाई की। मौके पर आरोपी आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम उसेली निवासी 33 वर्षीय प्रताप सिंह बघेल पिता रामधर बघेल मिला। आरोपी नीला रंग के पिठठू बैग के अंदर 5 लीटर का प्लास्टिक जरकीन में 5 लीटर महुआ शराब एवं 10 लीटर का प्लास्टिक जरकीन मे 10 लीटर महुआ शराब कुल 15 लीटर देशी महुआ शराब किमत 1 हजार 500 रुपएं को रखा हुआ था। आरोपी प्रताप सिंह बघेल पिता रामधर बघेल के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

दूसरी कार्रवाई के तहत हल्बा चौकी पुलिस ने 19 जनवरी को शाम करीन साढ़े 5 बजें आरोपी टकहापारा निवासी 30 वर्षीय उत्तम मंडावी पिता चमरू राम मंडावी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमत 700 रूपएं और नगर 350 रूपएं को जप्त किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## अवैध रेत उत्खनन के कारण बन रही विवाद की स्थिति, निगरानी और नियंत्रण है जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखण्ड चारामा के महानदी तटवर्ती गांव इन दिनों लगातार विवादों को लेकर चर्चा में हैं। बीते कुछ समय से क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन, जनप्रतिनिधियों को धमकी और अब बुनियादी ढांचे की बदहाली जैसे मुद्दे एक साथ उभरकर सामने आए हैं, जिससे ग्रामीणों में असंतोष और असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि महानदी के किनारे बसे कई गांवों में रोजमर्रा कि जिंदगी सीधे तौर पर नदी और उससे जुड़े संसाधनों पर निर्भर है, लेकिन अवैध गतिविधियों और भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही के कारण न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि सार्वजनिक संरचनाएं भी खतरे में आ गई हैं। चारामा क्षेत्र के अरौद घाट स्थित पुल को आसपास के दर्जनों गांवों कि आवाजाही का प्रमुख साधन माना जाता है। ग्रामीणों के अनुसार पुल कि संरचनात्मक स्थिति कमजोर होती जा रही है। स्लैब से सरिया बाहर दिखना और कुछ हिस्सों का धंसना इस बात का संकेत है, कि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद इसी पुल से होकर भारी क्षमता वाले रेत और गिट्टी से भरे ट्रकों का लगातार आवागमन हो रहा है, जिससे पुल पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।




#### जिम्मेदार विभागों का ध्यान अब तक नहीं: ग्रामीण

ग्रामीणों का आरोप है कि इस ओर जिम्मेदार विभागों का ध्यान अब तक नहीं गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निगरानी और नियंत्रण किया गया होता तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उनका मानना है कि प्रशासनिक ढिलाई के कारण क्षेत्र में अव्यवस्था बढ़ी है और आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है।

### पेज 11 के शेष...

#### एक माह का...

के बाद जब राशन आता है, बड़ी संख्या में उपभोक्ता एक साथ दुकान पर पहुंच जाते हैं। इससे लंबी कतारें लग जाती हैं और अव्यवस्था और भी बढ़ जाती है। बुजुर्गों, महिलाओं और मजदूर वर्ग को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई मजदूरों को अपनी रोज की कमाई छोड़कर राशन लेने आना पड़ता है, लेकिन अनिश्चित व्यवस्था के चलते उनका समय और मेहनत दोनों बर्बाद हो रही है।

#### मेला देखने गए...

मिला। इसके बाद पीड़ित ने भानुप्रतापपुर थाना पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी। इस घटना के बाद मेले में आए अन्य लोगों में भी वाहन चोरी को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मेले और सार्वजनिक आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था और गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस मेला परिसर और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है तथा संभावित संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

#### तेज रफ्तार कार...

क्रमांक सीजी 04 एनआर 3198 के चालक द्वारा कार को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे लड़का अरूण कुमार यादव को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। हाईवें पेट्रोलिंग वाहन की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले युवक की मौत हो चुकी थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 एनआर 3198 के चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### रेस्टोरेंट में काम करने वाले युवक का मोबाइल पार सहयोगी पर जताई आशंका

कांकेर। कांकेर शहर के रेस्टोरेंट में काम करने वाले एक युवक ने अपने साथी मोबाईल की चोरी करके फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस युवक की पतासाजी में जुट गई है। पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए विवेचना मे लिया है। राजापारा निवासी 30 वर्षीय संजय कुमार पासवान पिता लखन पासवान ने कांकेर पुलिस को बताया कि मैं रेस्टोरेंट में काम करता हूँ और मेरे साथ मनीष यादव निवासी तितरवंड, थाना बांसकोट, जिला कोडागांव भी उसी रेस्टोरेंट में काम करता है। दोनों रेस्टोरेंट संचालक के घर स्थित सर्वेंट क्वार्टर में साथ रहते थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि मैं 15 जनवरी की रात लगभग 11 बजे मनीष यादव ने साथ में भोजन किया और अपने-अपने बिस्तर पर सो गए। अगले दिन 16 जनवरी की सुबह जब संजय उठे, तो उन्होंने देखा कि मनीष यादव कमरे में मौजूद नहीं था। सामान्य समझकर उन्होंने नित्यकर्म किया, लेकिन जब दुकान जाने के लिए अपना मोबाइल ढूंढा, परंतु 32 हजार की कीमत का मोबाईल कमरे से गायब मिला। मोबाइल के साथ उसका चार्जर भी नहीं था। कमरे और बिस्तर की काफी तलाश के बावजूद मोबाइल नहीं मिला। इसके बाद संजय ने रेस्टोरेंट पहुंचकर मनीष यादव के बारे में पूछताछ किया, जहां पता चला कि वह दुकान पर भी नहीं आया है। संजय ने इस संबंध में रेस्टोरेंट मालिक सुमीत देव को पूरी घटना से अवगत कराया और मनीष यादव द्वारा मोबाइल चोरी कर फरार होने की आशंका जताई। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 (अ) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुटी है।

### लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

कांकेर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन पर पहले इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट का तीन दिवसीय सम्मेलन भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान द्वारा 21 जनवरी से आयोजित किया जा रहा है, जो नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में संपन्न होगा। लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अब तक का अपनी तरह का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन होने जा रहा है, इसमें विश्व के 70 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए लगभग 100 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों की भागीदारी अपेक्षित है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय संगठनों भारत में स्थित विदेशी मिशनों तथा निर्वाचन क्षेत्र के अकादमिक एवं व्यावहारिक विशेषज्ञ भी सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के साथ 21 जनवरी 2026 को आयोजित उद्घाटन सत्र में प्रतिनिधियों का स्वागत करेंगे तथा सम्मेलन की कार्यवाही का शुभारंभ करेंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम में निर्वाचन प्रबंधन निकायों ईएमबी के सामान्य एवं पूर्ण सत्र शामिल होंगे, जिसमें उद्घाटन सत्र, ईएमबी नेताओं का पूर्ण सत्र, ईएमबी कार्य समूह बैठकें और साथ ही वैश्विक निर्वाचन संबंधी मुद्दों, आदर्श अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन मानकों तथा निर्वाचन प्रक्रियाओं में नवाचार एवं सर्वोत्तम प्रथाओं पर केंद्रित विषयगत सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के दौरान कुल 36 विषयगत समूहों द्वारा गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इन समूहों का नेतृत्व राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सीईओ करेंगे तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक विशेषज्ञों का सहयोग प्राप्त होगा।

# आदिवासियों की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

■ बस्तर पंडुम का आयोजन, विजेता दलों को 20-20 हजार की प्रोत्साहन राशि





आदिवासियों की समृद्ध संस्कृति, मौलिक परंपराओं एवं जीवनशैली को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित बस्तर पंडुम के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन बीजापुर के मिनी स्टेडियम में किया गया।

जनजातीय बहुल बस्तर संभाग की स्थानीय कला एवं संस्कृति, लोककला, शिल्प, तीज-त्योहार, खान-पान, बोली-भाषा एवं रीति-रिवाजों को प्रोत्साहित एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं से चयनित दलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला स्तरीय बस्तर पंडुम में कुल 12 विद्याओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला एवं संस्कृति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इनमें जनजातीय नृत्य, नाट्य, लोकगीत, चित्रकला, पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, शिल्पकला, जनजातीय व्यंजन, पेय पदार्थ तथा बस्तर की वनौषधियों का विशेष रूप से आकर्षक प्रदर्शन शामिल रहा। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजेता दलों को आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रत्येक विजेता दल को 20-20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा। ये विजेता दल आगामी फरवरी माह में आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैय्या जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज कुजूर, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, नवपदस्थ डीएफओ रमेश जांगड़े, उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, सहायक आयुक्त देवेंद्र सिंह पटले सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, जनजातीय समाज के प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के नागरिक उपस्थित रहे।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत विधानसभा के अंतिम छोर तक जनसंपर्क

# मनरेगा कोई योजना नहीं, मजदूरों का संवैधानिक अधिकार है : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

■ कोलावल धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर किसानों के हित में दिए निर्देश



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत लगातार क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है। इस जनआंदोलन के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर तक पहुंचकर ग्रामीणों, मजदूरों और किसानों को मनरेगा की वास्तविक भावना, इसके अधिकार आधारित स्वरूप और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

इसी क्रम में बस्तर विधायक कोलावल में आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम में शामिल होने पहुंचे। कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने कोलावल धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा धान खरीदी से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक ने केंद्र प्रबंधन को किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यप्रणाली में सुधार करने, पारदर्शिता बनाए रखने और धान खरीदी की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के स्पष्ट निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें समय पर लाभ मिल सके। कोलावल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि देश के नागरिकों को मिला काम का संवैधानिक अधिकार है, उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार मनरेगा को कमजोर करने की साजिश कर रही है। काम के दिनों में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और योजनाबद्ध तरीके से बजट कम कर गरीबों-मजदूरों को उनके अधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं, यह गरीबों और मज़दूरों का अधिकार है। इस अधिकार से अब कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस हर गांव, हर मजदूर की आवाज बनकर मजबूती से मैदान में खड़ी है। मनरेगा से करोड़ों परिवारों की रोजी-रोटी जुड़ी है। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जिसे कमजोर करना सीधे-सीधे गरीबों पर हमला है। कांग्रेस पार्टी ऐसे हर प्रयास का सड़क से सदन तक विरोध करती रहेगी।

#### जनता को बताया गया भाजपा सरकार का सच

बैठक के दौरान मनरेगा पर हो रहे हमलों, रोजगार के अवसरों में लगातार कमी और मजदूरी भुगतान में हो रही देरी को लेकर भाजपा सरकार की नीतियों की सच्चाई जनता के सामने रखी गई। विधायक ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ एक योजना को बचाने की नहीं, बल्कि गरीबों के हक और सम्मान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस जनआंदोलन से जुड़ें और अपनी आवाज को ताकत दें यह सिर्फ यात्रा नहीं, यह हक की लड़ाई है हर गांव, हर पंचायत तक मनरेगा बचाने का संकल्प है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मनरेगा मजदूर, किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने एक स्वर में मनरेगा बचाओ काम का अधिकार बचाओ के नारे के साथ इस संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान मौजूद रहे ब्लॉक अध्यक्ष सोनाधर बघेल, मानसिंह कवासी,हेमराज बघेल, सरपंच दुर्जन कश्यप, कपूर बेसरा, हेमंत कश्यप, फगनू मरकाम, अस्तु कश्यप, सामो राम कश्यप, जगु राम, बेनुधर बघेल, गणपत, बैशाखु बघेल, जयसिंह कश्यप, डमरू भारती, उदरन बघेल, संतो कश्यप, फूलचंद, राजेश कुमार एवं समस्त कार्यकर्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सियासत गरमाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

■ विधायक विक्रम मंडावी का प्रशासन पर हमला

जिले में हाल ही में गरीबों के मकानों पर की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर राजनीति तेज हो गई है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेसवार्ता कर प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यदि गरीबों के घरों को अवैध अतिक्रमण बताकर तोड़ा गया है, तो उसी निष्पक्षता के साथ भाजपा नेता संजय लुंकड़ के कथित अवैध कब्जों पर भी बुलडोजर चलाया जाना चाहिए।

विधायक मंडावी ने आरोप लगाया कि प्रशासन की कार्रवाई केवल गरीब और कमजोर वर्ग तक सीमित नजर आ रही है, जबकि प्रभावशाली नेताओं के अवैध कब्जों पर चुप्पी साध ली गई है। उन्होंने इसे गंभीर और चिंताजनक बताया। प्रेसवार्ता में विधायक ने भाजपा नेता संजय लुंकड़ पर कई स्थानों पर अवैध अतिक्रमण होने का आरोप लगाया है। इनमें नया पुलिस लाइन क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ भूमि, पुराना पुलिस लाइन एनएच किनारे लगभग 35 डिसमिल, ट्रैफिक कार्यालय के पीछे पवन लुंकड़ के नाम से लगभग 5 डिसमिल, जैतालुर पेट्रोल पंप के पास लगभग 30 डिसमिल व निवास के पास लगभग 10 डिसमिल भूमि। विधायक ने प्रशासन से मांग की कि इन सभी कथित अवैध कब्जों को तत्काल निरस्त किया जाए और जिस तरह गरीबों के मकानों पर बुलडोजर चलाया गया, उसी तरह इन अतिक्रमणों को भी धराशायी किया जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की, तो इस मुद्दे को लेकर आंदोलन किया जा सकता है। फिलहाल प्रशासन या भाजपा नेता संजय लुंकड़ की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चारामा की बैठक में तैयार की गई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चारामा द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैठक मंगलवार 20 जनवरी को को विधायक निवास में हुई। बैठक में सर्वप्रथम ब्लाक अध्यक्ष हिरवेंद्र साहू की नियुक्ति के बाद प्रथम बैठक में सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका स्वागत किया गया।

आयोजित बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम, धान खरीदी और धान उठाव के संबंध में राशन कार्ड कटौती कर वंचित किए जाने पर आम लोगों को परेशानी के संबंध में मंडल प्रभारी की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, वरिष्ठ गण निर्वाचित सरपंच पार्षद गण व समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ता की उपस्थिति में 29 जनवरी तक की रूपरेखा तय कर आगामी कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, नरेंद्र यादव, लोकेश किरी, नवली मीना मंडावी, कृष्णा नायक, भूषण सिन्हा, रानू कमलेश सेन, सौरभ तारम, महेंद्र नायक, सुधांशु पांडे, जयप्रकाश गावड़े, कैलाश कठोलिया, विकाश मंडावी, प्रेमलता सुखदेव, अंजू नाग, पार्षद मंजू सोनकर, चंद्रिका चौहान, कविता साहू, गीतेश्वरी सोनकर, कोमल सोनेता, बिसमत नरेटी, शंकर रावलनी, समीर बंछोर, चिंटू सिन्हा, धीरज साहू, राजेंद्र साहू, बोधन लाठियां, राजू, रेमन यदु, छबि कांगे, संतोष सिंधे, सुरेन्द्र साधवानी, गोपाल यादव, राजेंद्र ठाकुर, भूपेंद्र देवांगन, तेजेंद्र साहू उपस्थित रहे।

# अंतागढ़ में दो साल बाद भी विकास नदारद ट्रिपल इंजन सरकार फेल : पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

■ सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्यों के वादों पूरा नहीं कर रही सरकार : अनूप



केंद्र, राज्य और नगर पंचायत तीनों जगह भाजपा की सरकार होने के बावजूद अंतागढ़ नगर में विकास नहीं होने का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक अनूप नाग ने वर्तमान नगर पंचायत प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अंतागढ़ में भाजपा अध्यक्ष को दो वर्ष होने को हैं, लेकिन नगर में कोई ठोस उपलब्धि नजर नहीं आती। अगर कुछ दिखता है तो केवल निष्क्रियता और सोशल मीडिया पर त्योहारों की शुभकामनाओं तक सीमित गतिविधियां है।

पूर्व विधायक अनूप नाग ने कहा कि कभी-कभार साफ-सफाई के दौरान फोटो पोस्ट कर अध्यक्ष सक्रिय जरूर नजर आते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। बीते दिनों नगर में सड़क डिवाइडर और ट्रैफिक सिग्नल लगाने को लेकर चर्चाएं जरूर हुईं, जिससे लोगों को उम्मीद जगी थी कि शायद ट्रिपल इंजन सरकार में नगर विकास की रफ्तार बढ़ेगी, लेकिन आज तक एक भी इंजन स्टार्ट नहीं हो पाया और सभी योजनाएं कागजों तक ही सिमटी रहीं। उन्होंने चुनाव के दौरान किए गए वादों को याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा ने इनडोर स्टेडियम, तालाबों के सौंदर्यीकरण और पूरे नगर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित करने की बात कही थी। आज नगरवासी उन वादों के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने अपने कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उनके समय में नगर क्षेत्र में कई विकास कार्य स्वीकृत हुए, जिनमें मुख्य सड़क चौड़ीकरण योजना प्रमुख थी। नयापारा से बिजली ऑफिस तक का कार्य और मद्रासीपारा से कॉलेज तक विस्तार की योजना सत्ता परिवर्तन के कारण अधूरी रह गई। बाद में नए जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया, लेकिन मद्रासीपारा की मुख्य सड़क आज भी जर्जर हालत में है।

#### मंत्रियों का स्वागत व फोटो ही कर रहे पोस्ट

पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि जब भी कोई मंत्री नगर से गुजरते हैं, तब स्वागत के नाम पर मांग पत्र गुलदस्ते में बदल जाता है और केवल फोटो पोस्ट कर दी जाती है। जनता की मांगें कहीं नजर नहीं आतीं। पूर्व विधायक ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद अंतागढ़ में अव्यवस्था का आलम है, कोई ठोस रोडमैप नहीं दिखता और हालात ऐसे हैं कि आने वाले पांच वर्षों में भी नगर के विकास की उम्मीद कम ही नजर आ रही है।

### कलेक्टर से सेवा यथावत रखने की मांग

बीजापुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा संचालित बालिका बालगृह में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं यथावत बनाए रखने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से निरंतर बालिका बालगृह में सेवाएं दे रहे हैं और निराश्रित, अनाथ एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल, सुरक्षा और भविष्य निर्माण का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कोरोना महामारी के कठिन दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पूरा देश भय और अनिश्चितता से गुजर रहा था, उस समय भी उन्होंने अपने परिवार और बच्चों की चिंता छोड़कर महीनों तक बालगृह परिसर में रहकर बच्चों की सेवा की। कर्मचारियों के अनुसार, उस संकट के समय उन्होंने बच्चों को अकेला नहीं छोड़ा और अपनी जान की परवाह किए बिना उनके पालन-पोषण और मानसिक संबल का पूरा ध्यान रखा। कर्मचारियों ने बताया कि हाल ही में उनकी सेवाएं समाप्त किए जाने अथवा कार्य से हटाए जाने की प्रक्रिया की जानकारी मिलने से वे गहरे मानसिक और आर्थिक संकट में हैं। उनकी आजीविका पूरी तरह इसी रोजगार पर निर्भर है।


## सार्वजनिक सूचना / चेतावनी सूचना


जयप्रकाश परमार

सभी ऑटोमोबाइल डीलरों, ग्राहकों, विक्रेताओं एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि **जयप्रकाश परमार, वर्क्स मैनेजर,** जो **आहूजा ऑटोमोबाइल्स, शाखा: कच्चे-भानुप्रतापपुर** से जुड़े रहे हैं, द्वारा ग्राहकों के भुगतान एवं बिलिंग से संबंधित धोखाधड़ी एवं अनियमित गतिविधियाँ की गई हैं।

हमारे संज्ञान में आया है कि उक्त व्यक्ति ने कर्मचारियों से नौकरी सुरक्षित रखने के नाम पर पैसे लिए तथा ग्राहकों को कंपनी की आधिकारिक प्रक्रिया के विरुद्ध जाकर सीधे विक्रेताओं को भुगतान करने के निर्देश दिए। यह कृत्य कंपनी के नियमों का गंभीर उल्लंघन एवं विश्वासघात है।

उपरोक्त मामले में कच्चे-भानुप्रतापपुर पुलिस स्टेशन में विधिवत पुलिस शिकायत दर्ज की जा चुकी है तथा मामला जांचाधीन है।

सभी ऑटोमोबाइल डीलरों, ग्राहकों, विक्रेताओं एवं कर्मचारियों को सावधान किया जाता है कि वे उक्त व्यक्ति को किसी भी प्रकार का भुगतान न करें और न ही आहूजा ऑटोमोबाइल्स की ओर से उसके किसी भी कथन या वादे पर विश्वास करें।

दिनांक :- 19.01.2026

जारीकर्ता :
प्रबंधन, आहूजा ऑटोमोबाइल्स


# कलगांव के सरपंच ने क्षेत्र के लिए विकास कार्यों की मांग की



अंतागढ़। जनपद पंचायत अंतागढ़ के ग्राम पंचायत कलगांव में ग्राम के समग्र विकास को लेकर महत्वपूर्ण मांगें सरपंच प्रमिला नाग ने जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी से मुलाकात करते हुए की। सरपंच प्रमिला नाग ने बताया कि ग्राम कलगांव में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण ग्रामीणों को दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने जनपद अध्यक्ष के समक्ष निम्न प्रमुख विकास कार्यों की माँग रखी है। माँग में ग्राम के आंतरिक एवं मुख्य मार्गों में सीसी सड़क निर्माण। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नल-जल योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं विस्तार। ग्राम स्तरीय बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए कलस्टर भवन निर्माण। युवाओं एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल मैदान में स्टेडियम व खेल अधोसंरचना का विकास। सरपंच ने आशा व्यक्त की कि जनपद पंचायत द्वारा इन माँगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर कार्य स्वीकृत किए जाएंगे, जिससे ग्राम कलगाँव के विकास को नई दिशा मिलेगी और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। अध्यक्ष ने भी माँगों को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।



# सोम को श्रवण यंत्र किया गया प्रदान

बस्तर। विकासखंड बस्तर के संसाधन केंद्र में समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग छात्र सोम मारकंडेय 6 वर्ष कक्षा पहली को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें स्पीच थेरेपी भी दी गई और उनके अभिभावक को श्रवण यंत्र के उपयोग व रखरखाव के बारे में जानकारी दी गई। सोम मारकंडेय बचपन से ही 60 प्रतिशत श्रवण बाधित हैं। श्रवण यंत्र के उपयोग से उनकी सुनने की क्षमता बढ़ेगी, जिससे बोलने की क्षमता का विकास होगा और समाज में अपनी क्षमताओं का विकास करने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में प्रभारी राजेश त्यागी बीआरसीओ और बीईओ का सहयोग रहा।


HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### श्रीरामलला दर्शन योजनांतर्गत जिले के 74 दर्शनार्थी हुए रवाना

**कांकेर।** श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत अयोध्या धाम यात्रा के लिए जिले के 74 वरिष्ठ नागरिकों सोमवार को रवाना किए। दर्शनार्थियों को अयोध्या धाम के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा आजीविका महाविद्यालय गोविन्दपुर कांकेर से हरी झंडी दिखाकर राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। इस अवसर नगरपालिका परिषद के कांकेर अध्यक्ष अरूण कौशिक, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कावडे.एवं घनेन्द्र ठाकुर, उत्तम जैन, ईश्वर कावडे, टेकेश्वर सिन्हा, दिपांशु जैन, पंकज सिन्हा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शहीद शिरोमणि गैंद सिंह को बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**कांकेर।** तालाकुर्रा में श्रीमद् देवी भागवत कथा स्थल पर छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद और परलकोट विद्रोह के नायक शहीद शिरोमणि गैंद सिंह को उनके बलिदान दिवस पर भावपूर्ण नमन किया। युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष एवं सरपचं विनोद रावटे ने कहा कि अंग्रेजों के अन्याय और शोषण के खिलाफ उनका साहसिक विद्रोह, बस्तर के आदिवासियों के अधिकारों और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनका अद्वितीय बलिदान इतिहास के पन्नों में अमर है। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख हल्बा समाज गौतम गांवर, ग्राम प्रमुख डडसेना कलार समाज संजय जैन, साहू समाज धुर्व कुमार साहू एवं माताएं बहने, स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 23 को

**कांकेर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 23 जनवरी को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 181 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सिक्युरिटी गार्ड के 50 पद, फायर मेन के 20 पद, फुड पेकिंग के 25, हैवी वाहन चालक के 10, होम केयर टेकर के 50 और शिक्षक प्रायमरी, मिडिल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, स्पोर्टस के 26 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### 25 जनवरी पर दिलाई जाएगी मतदान शपथ

**कांकेर।** प्रतिवर्ष की भांति 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे मतदाता शपथ ली जाएगी।

### एक दिवसीय मेला दसपुर में 22 को

**दसपुर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम दसपुर में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 22 जनवरी को मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला के उपलक्ष्य में रात को ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए मया के बदारिया ग्राम बागवही भानुप्रतापपुर का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच सूर्या नेताम, देवलाल साहू, डॉ. तोरण व अन्य के द्वारा दिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# जवाहर नवोदय विद्यालय में पुलिस ने लगाई यातायात जागरुकता क्लास

## बच्चों को सिखाए गए सड़क सुरक्षा के नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय करप में विद्यार्थियों के लिए विशेष यातायात जागरुकता क्लास का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें यातायात नियमों की सही जानकारी देना रहा। क्लास के दौरान विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित तरीके से चलने के नियम, सड़क संकेतकों के माध्यम से मिलने वाले संदेशों तथा ट्रैफिक सिग्नल लाइट्स के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। यातायात माह के तहत क्रम में यातायात प्रभारी दीपक साव व यातायात बल कांकेर के द्वारा जिले में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय करप में बच्चों को यातायात जागरुकता संबंधी क्लास लिया गया। बच्चों को रोड पर चलने के तरीके, सड़के कैसी बातें करती है साइन बोर्ड के माध्यम से, सिग्नल लाइट्स के बारे, अपने पालकों व अन्य को हेलमेट उपयोग करने, सीट बेल्ट उपयोग करने, ओव्हर स्पीड नहीं चलने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, यातायात नियम का पालन नहीं करने से कैसे सड़क दुर्घटना होती है, प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो दिखाकर बच्चों को समझाया गया। बच्चों को यातायात के बारे में इस तरीके से बताने से अच्छे से समझ पाए व बच्चों द्वारा पूरी क्लास के दौरान क्रास क्वेश्चन किया जा रहा था। साथ ही प्रश्न पूछने पर नवोदय के कक्षा 7 वीं के बच्चे दीपक साहू द्वारा सीट बेल्ट उपयोग के बारे उत्तर दिया।




### सड़क हादसे के घायलों को पहुंचाएं अस्पताल

सड़क दुर्घटनाओ में घायल व्यक्ति को समय अस्पताल पहुंचने पर राहवीर योजना के अंतर्गत अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को शासन की ओर से 25 हजार रुपए की राशि दिया जाना है, उसको बच्चों को बताया गया। इससे यह होगा की अब जब कोई दुर्घटना होगी तो एम्बुलेंस व पुलिस का इंतजार किए बिना घायल को अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई जा सकती है। साथ ही महिला रक्षा टीम द्वारा महिलाओ एवं बच्चों पर होने वाले अपराध के में भी बताया गया।

## कार्रवाई : धान को अवैध ढंग से किसानों तक पहुंचाने का हुआ पर्दाफाश

# धान माफियाओं पर कसा शिकंजा 100 क्विंटल धान सहित वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर

पखांजुर क्षेत्र में धान की अवैध खरीदी और उसे गुपचुप तरीके से खरीदी केंद्रों तक पहुँचाने के खेल पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। बीती रात सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते खाद्य विभाग ने संदिग्ध वाहन को पकड़कर 100 क्विंटल धान के अवैध परिवहन का खुलासा किया। इस कार्रवाई के बाद से अवैध धान की सप्लाई करने वालों में हडकंप मच गया।

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 11 बजे पखांजुर में खाद्य निरीक्षक को जानकारी मिली कि पखांजुर में एक किसान के घर के बाहर सूने में संदिग्ध तरीके से धान खाली किया जा रहा है।

जानकारी मिलते ही खाद्य निरीक्षक मुकेश कुमार साहू मौके पर पहुंचे। वहां उन्होंने माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमजे 9093 को रोका, जिसमें लगभग 100 क्विंटल धान लोड था। खाद्य निरीक्षक द्वारा पूछताछ करने पर वाहन चालक ने बताया कि वह पखांजुर निवासी राहुल दास के कहने पर यहां धान उतार रहा था। चालक ने यह भी कहा कि धान पखांजुर स्थित बाबा ट्रेडर्स से लाया गया है और इसे किसानों से खरीदा गया है। जांच के दौरान जब वाहन चालक से धान से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। हालांकि चालक और वाहन में मौजूद दो हमालों से स्पष्ट और संतोषजनक जानकारी नहीं मिल सकी, जिससे मामला और अधिक संदिग्ध हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए खाद्य निरीक्षक ने उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में तत्काल कृषि उपज मंडी और पुलिस को सूचना दी। कृषि उपज मंडी के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए धान की जप्ती का प्रकरण बनाया। इसके बाद धान से लदे माजदा वाहन को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।




### वाहन व धान 31 तक रहेंगे जब्त

कृषि उपज मंडी के अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के अंतिम दिन 31 जनवरी तक यह वाहन और जब्त धान नहीं छोड़ा जाएगा। निर्धारित तिथि के बाद ही पूरे प्रकरण का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी सघन जांच अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई के बाद अवैध धान खरीदी और परिवहन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

### कांकेर में किसानों के पास जा रहा अवैध धान

जिला मुख्यालय कांकेर के राईस मिलरों से किसानों के पास धान भेजे जाने की शिकायतें लगातार आ रही है, परंतु अवैध ढंग से किसानों के पास भेजे जा रहे धान का सुराग अभी तक अधिकारियों के पास नहीं लग पाई है। दसपुर में ग्रामीणों के मध्य इस प्रकार की चर्चा है कि लगातार किसान पिकप से चावल ले जा रहे है, यह खेल दो दिनों से ज्यादा चल रहा है। खाद्य विभाग, पुलिस और मंडी के अधिकारी ध्यान देते है तो कांकेर में अवैध धान सप्लाई का बड़ा खुलासा हो सकता है।


कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति पखांजुर

# गोलकुम्हड़ा में दिनदहाड़े सूने घर से एक लाख के जेवरात सहित 30 हजार नकदी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

गोलकुम्हड़ा में सूने मकान में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े घर में सोने व चांदी के जेवरात समेत नगद व जरूरी कागजात को चोरी की घटना सामने आई है। चोरो ने 1 लाख के जेवरात, 30 हजार नगदी व 15 हजार के मोबाईल को पार कर दिया। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए चोर की तलाश में पुलिस जुट गई है। थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे गोलकुम्हड़ा निवासी 29 वर्षीय निखिल कुमार उइके पिता सनत उइके ने पुलिस को बताया कि पिता सनत उइके कृषि महाविद्यालय जगदलपुर में वाहन चालक के पद पर पदस्थ हैं और मां संगीता उइके के साथ जगदलपुर में ही रहते हैं। मैं अपने मूल घर गोलकुम्हडा बाजार चौक में अपने चचेरा भाई अक्षय उइके के साथ रहता हूं। दोनों समय का खाना पीना चाचा संतोष उइके के घर खाता हूं। मेरे गांव में 17 जनवरी को मेरे घर के पास साप्ताहिकी बाजार लगा था। मैं अपने निजी काम से भाई अक्षय के साथ चारामा आया था। शाम लगभग साढ़े 6 बजें गांव वापिस गया। घर न जाकर मैं और भाई अक्षय दोनों चाचा के घर खाना खाने चले गए, जहां से खाना खाकर लगभग रात 8 बजे घर वापिस आया, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। दरवाजा खुला हुआ था, घर के अंदर गया तो दो अलग अलग कमरे में रखा दो आलमारी का लॉक टूटा था। मां के कमरे में रखा आलमारी से मेरे मां के द्वारा रखा गया सोने का गहना दो जोडी झुमका वजनी लगभग 2 तोला उस समय की कीमत लगभग 70 हजार, सोने की बाली दो जोड़ी वजन लगभग 9 ग्राम कीमत लगभग 31 हजार 500 रूपएं, चांदी की पायल चार जोड़ी कीमत लगभग 8 हजार रूपएं, बहन के कमरे में रखा आलमारी में रखा नगदी रकम 11 हजार रूपएं, अक्षय उइके के द्वारा टेबल में रखा नगदी रकम 19 हजार रूपएं व एटीएम कार्ड, पेन कार्ड, आरसी कार्ड, पिता का बैंक ऑफ बडौदा का चेक बुक एवं पास बुक तथा मेरे कमरा के टेबल में रखा मेरा पर्स, जिसमें मेरा आधार कार्ड, एनएमडीसी का गेट पास, ड्रायविंग लायसेंस, एसबीआई का एटीएम कार्ड, रियलमी कंपनी का मोबाईल फोन जिसमें एयरटेल सिम लगा है कीमत 15 हजार रूपएं की कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।





# कोटवार हटाने की मांग को लेकर हड़ताल जारी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोड़ेकुर्से में ग्राम कोटवार को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। इतने दिनों से चल रही हड़ताल के बावजूद अब तक कोई भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने नहीं आया है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कोटवार द्वारा लंबे समय से मनमानी, लापरवाही और भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इस संबंध में कोड़ेकुर्से निवासी रघुनाथ गोस्वामी और मुन्ना पटेल ने बताया कि उन्होंने पूर्व में कांकेर कलेक्टर के जनदर्शन में भी आवेदन देकर शिकायत की थी, लेकिन आज तक किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई। इसके अलावा करीब तीन माह पूर्व तहसील कार्यालय में भी लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया था, परंतु उसकी भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। रघुनाथ गोस्वामी ने बताया कि शिकायत के बाद कोड़ेकुर्से पटवारी खगेश नरेटी द्वारा गांव में आकर जांच की गई थी। जांच के दौरान कोटवार द्वारा किए गए कथित अधिग्रहण, लापरवाही और भ्रष्टाचार के मामलों की पड़ताल भी की गई। ग्रामीणों के अनुसार जांच में कई अनियमितताएं सामने आईं, इसके बावजूद आज तक न तो जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की गई और न ही कोटवार के खिलाफ कोई निर्णय लिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की यह उदासीनता उनकी समस्याओं को और गंभीर बना रही है। इसी कारण वे लगातार हड़ताल पर बैठे हुए हैं। मांग कर रहे हैं कि जब तक ग्राम कोटवार को हटाया नहीं जाता और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल को समर्थन देने जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ई मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मांगों को जायज ठहराया। हुमन मरकाम ने भी प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की मांग की। हड़ताल स्थल पर नरेंद्र जैन, महत्तम दुग्गा, गन्नू सिंहा, परमेश बघेल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शहीद गेंदसिंह के 201 वें शहादत दिवस पर किया याद, बलिदान की बताई कहानी



**दुर्गुकोंदल।** अखिल भारतीय आदिवासी आदिवासी हल्बा समाज ने सोनादई लोहत्तर में अमर शहीद गेंदसिंह के 201 वें शहादत दिवस पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष हल्बा समाज विकास राजू नायक ने आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीद गेंदसिंह को याद करते हुए कहा कि भारत की स्वतंत्रता समर में आहुति देने वालों में यहां के आदिवासी कभी भी पीछे नहीं रहे। गेंदसिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बस्तर के ही नहीं अपितु पूरे छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद हैं। इस विद्रोह को हम एक तरह से 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का शंखनाद भी जोड़ कर देख सकते हैं। स्वतंत्रता की अलख जगाने के लिए जिसने कुर्बानी दी। मातृभूमि की भीषण रण में जो बन गया बलिदानी, पराक्रमी, बुद्धिमानी, चतुर न्यायप्रिय और परलकोट का वीर सपूत और स्वाभिमानी, परलकोट का वीरसपूत तू था सच्चा हिंदुस्तानी, तुझे शत-शत नमन शत-शत नमन। इस प्रदेश के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में अमर शहीद गेंदसिंह बाऊ का नाम अग्रिम पंक्ति में रखा जा सकता है।

### इन्होंने किया श्रद्धा सुमन अर्पित

इस अवसर पर सरपंच परभेली कन्हैया पात्र, फत्तेसिंह दीवान, छब्बी ठाकुर, युवा अध्यक्ष गढ़ लोहत्तर मन्नू दीवान, नंदकुमार देहारी, अभिषेक ठाकुर कैलाश टोहलिया, भिखम देहारी, राजाराम पात्र, सुंदर पात्र, मानक राना, लक्ष्मीनाथ राना भेलवापानी, किशोर देहारी, धनेश राना, शिवनाथ दीवान, ममता चूरपाल, चन्द्रकला दीवान, प्रभा टोहलिया, पूनम राना, काजल राना, हेमेश्वरी नाग, साधना दीवान, ज्योति दीवान, लीलेश पुरामे, बिदेसिंह पुरामे, उत्तम देहारी, नरेश दीवान सहित ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित होकर श्रद्धा-पुष्प अर्पित किया।

# चारामा में ट्रक और भानुप्रतापपुर में बस की लापरवाही से दो निर्दोष घायल, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

चारामा–भानुप्रतापपुर क्षेत्र में बीते दिनों हुई दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर कर दिया है। इन हादसों में एक बुजुर्ग अधिवक्ता और एक महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों मामलों में पुलिस ने संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना नगर चारामा की है, जहां तहसील कार्यालय जाने वाले मार्ग पर ट्रैफिक सिग्नल के पास लाल बत्ती पर खड़े एक राहगीर को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया।

इस दुर्घटना में 71 वर्षीय अधिवक्ता रेवती रमन तिवारी निवासी नाकापारा चारामा घायल हो गए। जानकारी के अनुसार वे 19 जनवरी को अपने स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 05 एल 7002 से तहसील कार्यालय जा रहे थे। कोरर चौक के पास लाल सिग्नल होने पर वे वाहन रोककर खड़े थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएन 1552 के चालक ने सिग्नल की अनदेखी करते हुए लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाया और स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से अधिवक्ता सड़क पर गिर पड़े और उनके कंधे में गंभीर चोट आई। इसके बाद उन्हें चारामा अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार कराया गया। पीड़ित की शिकायत पर चारामा थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) एवं 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

दूसरी घटना भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हारगांव की है, जहां सांई मंदिर के पास एक यात्री बस से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल महिला दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र के ग्राम घोटिया की रहने वाली है, जो 19 जनवरी को कांकेर रोडवेज की बस क्रमांक सीजी 19 एफ 4500 से यात्रा कर रही थी। महिला के पुत्र दीपक कुमार तारम ने बताया कि बस चालक की लापरवाही के कारण उनकी मां बस से नीचे गिर गई, जिससे उनके सिर के पीछे, बाईं आंख के नीचे तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ भी धारा 125 (ए) एवं 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।



# शाला त्यागी मुक्त ग्राम की ओर अग्रसर, 454 ग्राम पंचायतों के 600 गांव को मिलेगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले को शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों से पूर्णतः मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरीश कुमार मंडावी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में किए गए सतत एवं अथक प्रयासों से कांकेर जिला शाला त्यागी मुक्त ग्राम की दिशा में एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक नवनीत कुमार पटेल ने बताया कि जिलेभर में शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों की पहचान कर उनका पुनः विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित किया गया। इस विशेष अभियान में शिक्षा विभाग के साथ-साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शाला प्रबंधन समितियाँ, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन तथा ग्रामवासी सक्रिय रूप से सहभागी बने। इन सामूहिक प्रयासों का ही परिणाम है कि जिले की अनेक ग्राम पंचायतों को शाला त्यागी मुक्त ग्राम घोषित किया गया है। अभियान के अंतर्गत संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा औपचारिक रूप से यह प्रमाणित किया गया कि उनके ग्राम में कोई भी बच्चा शाला त्यागी या अप्रवेशी नहीं है। इसके पश्चात ग्राम पंचायतों को शाला त्यागी मुक्त ग्राम का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक प्रयासों की सफलता को दर्शाती है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। विकासखंड अथवा विद्यालय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शाला त्यागी मुक्त ग्राम प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।



### 600 गाँव को मिलेगा प्रशस्ति पत्र

प्रथम चरण में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर अंतागढ़ विकासखंड से 56, भानुप्रतापपुर से 53, चारामा से 56, दुर्गकोंदल से 76, कांकेर से 64, कोयलीबेड़ा से 92 तथा नरहरपुर विकासखंड से 85 ग्राम पंचायतों को शाला त्यागी मुक्त ग्राम घोषित किया गया है। इस प्रकार कुल 454 ग्राम पंचायतों के 600 ग्रामों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, जिसकी प्रशासनिक तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

### प्रशासन ने की अपील

जिला प्रशासन द्वारा यह भी अपील की गई है कि सभी ग्राम पंचायतें सतत निगरानी व्यवस्था बनाए रखें। ताकि भविष्य में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। नियमित उपस्थिति की निगरानी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411